## पत्रकार साथी का उत्पीडन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : मदन मोहन राना

धारा न्यूज संवाददाता, हाथरस। पत्रकार विकास परिषद की बैठक अलीगढ रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई । जिसमें गत वर्ष का अभिलेख, सदस्?यों एवं पदाधिकारियों का विवरण उपस्थित जन के समक्ष प्रस्?तुत किया गया। बैठक का आरम्भ करते हुए जिला उपाध्यक्ष अतीक अहमद द्वारा संगठन के सिद्धांत एवं कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए संगठन के विस्तार पर जोर दिया। संगठन की चर्चा को आगे बढाते हुए मण्डल प्रभारी ललित मोहन राना द्वारा संगठन के जुडने वाले सभी सदस्यों को विश्वस्त किया कि संगठन के किसी भी साथी के साथ कोई भी अप्रिय घटना घटित होने पर संगठन सदैव उसके साथ रहेगा तथा आवश्यकता पडने पर अधिकारियों एवं सम्बंधित विभाग से सम्पर्क करके साथी पत्रकार की समस्या का हर संभव निदान कराया जायेगा। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष मदन मोहन राना ने कहा कि किसी भी पत्रकार साथी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और संगठन के माध्यम से हर सदस्य का मनोबल बढाने का कार्य संगठन करेगा। इस अवसर पर वहाँ मौजूद सभी साथियों ने तालियों से नव नियुक्त जिलाध्यक्ष की बात का समर्थन किया। बैठक में जिला महासचिव विनय जैसवाल, अश्वनि चन्द्राकर, कंन्हैया लाल, उमाकान्त पुण्डीर, शुभम गुप्ता, आरिफ खान, नवी हसन, आनन्द सिसौदिया, रहीश मलिक तथा महिला विंग से निधि कुमारी एवं राखी चौहान के अलावा पत्रकार विकास परिषद के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं से भरी तीन बसों को दुबे पड़ाव से की रवाना




धारा न्यूज संवाददाता, अलीगढ़। वंदे भारत सामाजिक संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री नीरज प्रजापति और नरेंद्र राजपूत बालाजी डेकोरेटर ने मेहंदीपुर बालाजी दर्शन के लिए तीन बसों को दुबे पड़ाव तिराहे से रवानगी करी बसों को रवानगी करते समय संस्था के शिवकुमार, सौरभ महेश्वरी, राजेंद्र राजपूत, मिंटू राजपूत, राज बहादुर, सीमा


## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

ई-निविदा सूचना- अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दो भागों (प्रथम एवं द्वितीय) में ऑनलाइन आमत्रित की जाती है। अधोलिखित आमन्त्रित ई-निविदा में प्रतिभाग करने की अन्तिम तिथि 10.02.2025 एवं समय 17.00 बजे होगी एवं निविदा के प्रथम भाग खोलने की तिथि 11.02.2025 एवं समय 15.00 बजे निर्धारित है । (1) निविदा विशिष्टीकरण संख्या - 30 / वि0जा0वि0मं0 / मेरठ / 2024-25 विद्युत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला बड़ौत जपद बागपत में स्टोर रूम, अवर अभियन्ता कक्ष एवं अन्य विविध जानपदीय निर्माण कार्य। निविदा शुल्क रू0 3,540.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 21,500.00 1 (2) निविदा विशिष्टीकरण संख्या - 31 / वि0जा0वि0मं0 / मेरठ / 2024-25 विद्युत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला, विक्टोरिया पार्क, मेरठ पर शेड का निर्माण कार्य एवं अन्य विविध जानपदीय निर्माण कार्य निविदा शुल्क रु0 3540.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 67,500.00, (3) निविदा विशिष्टीकरण संख्या - 32 / वि0जा0वि0मं0 / मेरठ / 2024-25 विद्युत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला घुन्ना जिला सहारनपुर पर अतिरिक्त स्टोर रूम एवं कार्यालय भवन इत्यादि जानपदीय निर्माण कार्य । निविदा शुल्क रू0 3540.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 38,500.00, (4) निविदा विशिष्टीकरण संख्या - 33 / वि0जा0वि0मं0 / मेरठ / 2024-25 विद्युत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला मुजफ्फरनगर में आग लगने से क्षतिग्रस्त हुए हिमंजिला भवन को तोड़कर स्टोर रूम एवं बाइडिंग रूम के निर्माण का कार्य निविदा शुल्क रू0 3540.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 21,500.00, (5) निविदा विशिष्टीकरण संख्या - 34 / वि0जा0वि0मं0 / मेरठ / 2024-25 विद्युत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला थाना भवन, जिला शामली पर स्टोर रूम एवं कार्यालय भवन का निर्माण कार्य एवं टीन शेड की छतों की मरम्मत का कार्य । निविदा शुल्क रू0 3540.00 (जी0एस0टी0 सहित) धरोहर धनराशि रू0 19,500.00। कृपया विस्तृत जानकारी डाउनलोड अन्य संशोधन निविदा प्रस्तुत करने की तिथि एवं विस्तारीकरण / शुद्धिकरण आदि सम्बन्धी सूचनाओं हेतु www.pvvnl.org एवं E-Tendering website www.etender.up.nic.in पर लॉग ऑन करें। अधीक्षण अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता ( जानपद) मेरठ। 'राष्ट्र हित मे बिजली बचाये' बिजली चोरी की सूचना [illegible]